अशासकीय पत्र संख्या–1/शा/16/2011–1/38/2011
लखनऊ: दिनांक: 29 अप्रैल, 2011

आहरण एवं वितरण अधिकारी,
पंचायती राज निदेशालय,
जवाहर भवन, लखनऊ।

शासन के पत्र संख्या–1161–33–3–2011–100(10)/2008 दिनांक 13 अप्रैल, 2011, (छायाप्रति संलग्न) के अन्तर्गत पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (बी.आर.जी.एफ.) योजनान्तर्गत पंचायती राज संस्थाओं के क्षमता विकास हेतु भारत सरकार के पत्र संख्या–एन–11019/205/2007–पोल–1 दिनांक 30 मार्च, 2011 द्वारा आवंटित धनराशि की वार्षिक योजना 2010–11 के लिए अवमुक्त धनराशि ₹ 28.07 करोड़ को वित्तीय वर्ष 2011–12 में स्वीकृत कर निदेशक पंचायती राज के निवर्तन पर रखे जाने के स्वीकृत प्रदान की गयी है, जिसे निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आवंटित की जा रही है:–

1– स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपभोग भारत सरकार द्वारा निर्धारित मार्ग निर्देशिका तथा राज्य सरकार व परियोजना प्रबन्ध इकाई पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा निर्देशों के अनुरूप किया जायेगा तथा जहां आवश्यक हो सक्षम स्तर की अनुमति प्राप्त की जायेगी एवं इसका उपभोग प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

2– शासनादेश संख्या–2832/33–3–2008–335/06 दिनांक 28 दिसम्बर, 2007 में उल्लिखित व्यवस्थानुसार परियोजना प्रबन्ध इकाई सभी प्रोजेक्टस के प्रभावी नियोजन, कियान्वयन व अनुश्रवण के लिए उत्तरदायी होगी तथा उनके मार्गदर्शन, पर्यवेक्षण व निर्देशन में उक्त परियोजनाओं का कियान्वयन किया जायेगा।

3– प्रश्नगत धनराशि को आहरित कर नियमानुसार व्यय किये जाने हेतु परियोजना निदेशक पी.एम.यू. बी.आर.जी.एफ. को उपलब्ध करायी जायेगी। यह धनराशि उच्च शक्ति प्राप्त समिति से अनुमोदित कार्ययोजना पर ही व्यय की जायेगी।

स्वीकृत की जा रही धनराशि ₹ 28.07 करोड़ का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के अनुदान संख्या–14 के आयोजनागत **लेखाशीर्षक"2575–अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम–आयोजनागत –02–पिछड़े क्षेत्र–800–अन्य व्यय–03–पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि पोषित कार्यक्रम–20–सहायता अनुदान–सामान्य (गैर वेतन)** के नामे डाला जायेगा।

प्रमाणित किया जाता है कि यह आवंटन निदेशालय के आवंटन रजिस्टर के पृष्ठ संख्या–4 पर अंकित है।

संलग्न–यथोपरि।

(डी0 एस0 श्रीवास्तव)
निदेशक,
पंचायती राज,उ0प्र0।

कृ0पृ0उ0

BRGF Allot.28-4-11

संख्या एवं दिनांक उक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1–परियोजना निदेशक, परियोजना प्रबन्ध इकाई बी.आर.जी.एफ., उ0प्र0 लखनऊ।

2–पंचायतीराज अनु0–3, उ0 प्र0 शासन।

3–मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।

4–निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 इलाहाबाद।

5–प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम उ0प्र0 इलाहाबाद।

6–वरिष्ठ उपमहालेखाकार स्थानीय निकाय(लेखा परीक्षा एवं लेखा), चौथा तल, 15–1, दयानन्द मार्ग, सत्यनिष्ठा भवन, उ0प्र0, इलाहाबाद–211001

7–तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0 नवां तल बापू भवन लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि, उक्त आवंटन विभाग की बेवसाईट पर अपलोड कराने हेतु।

(ओंकार प्रसाद श्रीवास्तव)
वित्त नियंत्रक,
पंचायती राज,उत्तर प्रदेश।

BRGF Allot.28-4-11